
INC - Festivity / Fairs / Exhibitions / Celebrations / Religion / Seminars / Meetings / Conclaves

Print

## LOHRI CELEBRATION AT GOVERNMENT COLLEGE OF COMMERCE AND BUSINESS ADMINISTRATION WITH GREAT ENTHUSISAM

January 13, 2025 01:40 PM



CHANDIGARH, 13.01.25-The Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, Chandigarh, celebrated Lohri with great enthusiasm and fervor on 13 January, 2025 in College campus. The Gender Sensitization Society marked the occasion by dedicating the celebration to young girls. The Principal Dr Shashi Wahi and Dean Dr Sangam Kapoor, led the noble cause by distributing woolen clothes and sweets to under privileged girls, highlighting the importance of supporting and empowering young girls in society. Additionally, Principal addressed college students to work on mission of Viksit Bharat 2047 by indulging in an internship programmes and many more events. The Cultural Committee and Red Ribbon Club added to the festivities with a lively cultural program, featuring traditional music, dance, and performances that captured the spirit of Lohri. Everyone enjoyed festive treats like peanuts, gajak, and popcorn, enhancing the celebratory atmosphere. The event beautifully combined cultural traditions with social responsibility, fostering a sense of community and joy.


CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | SATURDAY | 18 JANUARY 2025

## GCCBA, SECTOR 50

The Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, celebrated the festival of Lohri with enthusiasm and fervour. The gender sensitidation society of the college marked the occasion by dedicating the celebration to young girls. Principal Shashi Wahi and Dean Dr Sangam Kapoor distributed woollen clothes and sweets to underprivileged children.

# विश्व ध्यान दिवस पर कॉलेज व स्कूल में बच्चों को करवाया गया ध्यान

चंडीगढ़। प्रथम विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य पर विश्वास फाउंडेशन के द्वारा चंडीगढ़ के गवर्नमेंट सीनियर सेकन्डेरी स्कूल मौली जागरां व गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स बिजनस ऐड्मिनिस्ट्रेशन में मैडिटेशन बच्चों को ध्यान करवाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जीवन में मैडिटेशन की उपयोगिता क्यों जरूरी है। इस पर प्रकाश डालते हुए विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास जी ने बच्चों को बताया कि 21 दिसंबर को मनाया जाना वाला विश्व ध्यान दिवस हमारे जीवन में ध्यान की परिवर्तनकारी शक्ति की याद दिलाने का दिन है। ध्यान एक प्राचीन अभ्यास है, जिसमें व्यक्ति अपने ध्यान को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करता है। ध्यान से आपकी चेतना को लाभ मिलता है। ध्यान से आपके भीतर सामंजस्यता बढ़ती है। ध्यान से चिंता और समस्याएं छोटी हो जाती है। ध्यान वह है जो आपको गहरा विश्राम देता है। ध्यान एक व्यायाम है जिससे मन पर विचारों पर नियंत्रण करना संभव है। ध्यान पढ़ाई में एकाग्रता व स्मृति शक्ति बढ़ाने का रहस्य है। तो आईए हम सभी ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और मानसिक शांति, समृद्धि और आत्म विकास की दिशा में कदम बढ़ाएं।



उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि 15 मिनट सभी को सुबह शाम ध्यान करना चाहिए।

25/01/25

# कॉलेज में 'विकसित भारत 2047' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




चंडीगढ़। गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर-50, चंडीगढ़ में आयोजित विशेष कार्यक्रम में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रिंसिपल डॉ. शशि वाही के नेतृत्व में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब ने एनएसएस ओपन यूनिट, यूटी के सहयोग से किया।

**मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल :** कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को निष्पक्ष और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के लिए मतदान के महत्व को समझाना था।

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता:** ज्ञान प्रधान नामक क्विज़ में 40 छात्रों ने भाग लिया। सुश्री नेहा और सुश्री आंचल विजेता रहीं।

**मानव श्रृंखला:** स्वयंसेवकों ने प्रधानमंत्री के पद के लिए वोट करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को समझाने के लिए मानव श्रृंखला बनाई।

**रैली:** धनास क्षेत्र, बाजारों और पुलिस स्टेशन के आसपास 60 स्वयंसेवकों ने नारे लगाए, जैसे ÷विकसित भारत, 2047 के लिए वोट करें।

**स्थानीय निवासियों से संवाद :** रैली के दौरान, यूनिट समन्वय रितिका वर्मा और डॉ. रेणुका मेहरा ने स्थानीय निवासियों से. संवाद किया और उन्हें अपने परिवार के 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया।

**डिजिटल संसाधनों का उपयोग सिखाया गया :** सत्र का समापन मतदाता हेल्पलाइन ऐप और राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल (www.nvsp.in) का उपयोग करने की जानकारी साझा कर किया गया। इस पहल ने युवा मतदाताओं को जागरूक और प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाई।

CHANDIGARH Tribune

CHANDIGARH | TUESDAY | 28 JANUARY 2025

## GCCBA, SECTOR 50, CHANDIGARH

The Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, in collaboration with the South Election Commission, Sector 42, organised an intra-college rangoli making competition. A total of 10 entries were received and the winners were awarded certificates of merit. The principal, Dr Shashi Wahi Khullar, along with Dinesh Rana, Supervisor of South Division AERO 09, presented the awards and recognised the Best Nodal Officer.

Principal
Government College of Commerce & Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | WEDNESDAY | 5 FEBRUARY 2025

## COLLEGE NOTES

### GOVT COLLEGE OF COMMERCE

**Chandigarh:** The VADA Club of Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, organised an inter-college slogan writing competition on 'Nasha Mukt Bharat Abhiyaan'. The event was aimed at encouraging the participation of youngsters in the fight against drug abuse.

Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

# 200 असिस्टेंट प्रोफेसर को नहीं मिलेगा 7वां वेतनमान

## प्रशासन ने कैट में मार्च की कांट्रैक्ट पालिसी का दिया हवाला, याचिका खारिज, कर्मियों की बढ़ी दिक्कतें

डा. सुमित सिंह श्योराण • जागरण

चंडीगढ़ : प्रशासन में कांट्रैक्ट पर नियुक्त कर्मचारियों के लिए बुरी खबर है। शहर के सरकारी कालेजों में 10 से 15 वर्ष से कांट्रैक्ट पर नियुक्ति असिस्टेंट प्रोफेसर्स के मामले में एक ताजा फैसले ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। चंडीगढ़ के हायर एजुकेशन विभाग ने निर्देश जारी किए गए हैं कि सरकारी कालेजों में नियुक्ति असिस्टेंट प्रोफेसर्स को सातवें वेतनमान का कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। इस मामले में प्रशासन ने कैट में अपना पक्ष रखा था। कोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर्स की अर्जी को खारिज कर दिया। हायर एजुकेशन विभाग के जारी स्पीकिंग आर्डर में स्पष्ट कर दिया गया है कि कांट्रैक्ट कर्मचारियों की नियुक्ति के समय ही इस संबंध में स्थिति स्पष्ट कर दी गई थी। उधर, यूटी में सेंट्रल सर्विसेस रूल्स लागू होने के बाद प्रशासन ने चार मार्च 2024 को कांट्रैक्ट कर्मचारियों के लिए जो पालिसी बनाई थी उसका भी हवाला दिया गया है। प्रशासन के इस फैसले से चंडीगढ़ प्रशासन के दूसरे विभागों में कार्यरत दूसरे कांट्रैक्ट कर्मचारियों के लिए भी आने वाले दिनों में मुश्किलें बढ़ना तय है। पिछले सप्ताह ही चंडीगढ़ प्रशासन ने एक आदेश में स्पष्ट कर दिया है कि सेंक्शन पदों पर रेगुलर कर्मचारियों के स्थान पर लगे कांट्रैक्ट और आउटसोर्स कर्मचारियों को स्थायी नियुक्ति होते ही रिलीव कर दिया जाएगा। इस संबंध में सभी विभागों के हेड से बकायदा सर्टिफिकेट चंडीगढ़ प्रशासन को देने के निर्देश दिए हैं। स्थायी नियुक्ति के बाद भी कांट्रैक्ट या आउटसोर्स कर्मचारी को रखने वाले विभागों के हेड के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा और उसे दिया जाने वाला वेतन संबंधित अधिकारी से ही वसूलने की तैयारी है।

**विभागों से जानकारी मिलनी शुरू** : वित्त विभाग ने 11 फरवरी को सभी विभागों से स्थायी पदों पर कांट्रैक्ट और आउटसोर्स कर्मचारियों से जुड़ी पूरी जानकारी मांगी थी। चीफ सेक्रेटरी के कड़े निर्देशों के बाद अधिकतर विभागों ने इसकी पूरी जानकारी यूटी सचिवालय में भेज दी है। अगले हफ्ते तक इस मामले को लेकर पूरी रिपोर्ट चीफ सेक्रेटरी और फिर इसे प्रशासक के सामने रिव्यू बैठक में पेश किया जाएगा।

### कांट्रैक्ट कर्मियों को झटका

- इस फैसले से चंडीगढ़ के दूसरे विभागों में कार्यरत कांट्रैक्ट कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ी
- स्थायी भर्ती होते ही सेक्शन पोस्ट पर लगे कांट्रैक्ट और आउटसोर्स कर्मचारी हटेंगे : प्रशासन




सेक्टर-9 स्थित चंडीगढ़ सचिवालय बिल्डिंग • जागरण

> चंडीगढ़ प्रशासन व म्यूनिसिपल कार्पोरेशन में कार्यरत सैकड़ों कांट्रैक्ट कर्मचारियों ने अपनी जिंदगी के लगभग 20-25 वर्ष विभागों की सेवा में दिए हैं। चंडीगढ़ प्रशासन को कांट्रैक्ट कर्मचारियों के वित्तीय लाभ नहीं रोकने चाहिए, बल्कि पंजाब और हरियाणा राज्यों की तरह रिटायरमेंट तक नौकरी की सुरक्षा देने के लिए पालिसी बनानी चाहिए। प्रशासन के फैसले से कांट्रैक्ट कर्मचारियों का मनोबल टूटेगा।
>
> **-बिपिन शेर सिंह,** चेयरमैन, आल कांट्रैक्चुअल कर्मचारी संघ भारत, यूटी चंडीगढ़।

### कांट्रैक्ट असिस्टेंट प्रोफेसर्स की नौकरी पर भी खतरा

प्रशासन के असिस्टेंट प्रोफेसर को लेकर जारी निर्देशों के बाद शहर के सरकारी कालेजों में 200 से अधिक कांट्रैक्ट असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी पर भी संकट के बादल हैं। हायर एजुकेशन विभाग पहले ही 100 से अधिक असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर नई नियुक्ति का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज चुका है। उधर, हरियाणा से 40 के करीब असिस्टेंट प्रोफेसर कालेजों में ज्वाइन कर चुके हैं। पंजाब सरकार से भी 70 से अधिक असिस्टेंट प्रोफेसर अप्रैल तक डेपुटेशन पर चंडीगढ़ में ज्वाइन कर लेंगे। ऐसे में रिक्त पदों पर रेगुलर स्टाफ की नियुक्ति के बाद कांट्रैक्ट असिस्टेंट प्रोफेसर की छंटनी का दौर शुरू हो जाएगा। सरकारी कालेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर्स 75 से 80 हजार मासिक वेतन ले रहे हैं। 61 कांट्रैक्ट शिक्षकों ने वेतन और दूसरे मामलों को लेकर कैट का दरवाजा खटखटाया था। शिक्षा विभाग और खेल विभाग में भी इन दिनों चल रही स्थायी भर्ती के बाद सेंक्शन पदों पर नियुक्त शिक्षकों और कोच की नौकरी खतरे में है।

Principal
Government College of Commerce & Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

चंडीगढ़ | मंगलवार • 18.02.2025

अमर उजाला

# होली मिलन समारोह 9 मार्च को गवर्नमेंट कॉलेज में होगा

चंडीगढ़। पूर्वांचल वेलफेयर एसो. की ओर. से होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से सेक्टर-50 के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजन होगा। कार्यक्रम शाम साढ़े तीन बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में पारंपरिक होली गीत पेश होंगे। रंग और गुलाल के साथ फूलों की होली के बाद प्रीति भोज का आयोजन होगा। इस समारोह में शहर की राजनीतिक हस्तियां और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शामिल होंगे। संवाद

Principal
Government College of Commerce
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

**जागरण सिटी चंडीगढ़**

22/02/2025

# नशा मुक्त चंडीगढ़ अभियान का लोगो और थीम सांग लांच

- डा. सतिंदर सरताज को अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाया
- नशा केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकट : प्रशासक

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : उच्च शिक्षा विभाग ने सेक्टर-42 पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज फार गर्ल्स में 'नशा मुक्त चंडीगढ़ अभियान' के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने शिरकत की। कार्यक्रम में छात्रों ने शास्त्रीय नृत्य और नाट्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान 'स्वस्थ युवा, सशक्त युवा' का लोगो और थीम सांग लांच किया गया, जो चंडीगढ़ की स्वच्छ सवारी में नियमित रूप से बजाया जाएगा। प्रशासक ने वाडा क्लब गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया और 'नशा मुक्त चंडीगढ़' रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रसिद्ध गायक डा. सतिंदर सरताज को अभियान का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि



नशा मुक्त चंडीगढ़ अभियान का लोगो और थीम सांग लांच कार्यक्रम में भाग लेते प्रशासक व अन्य • डीपीआर

गीत और संगीत नशा मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि नशा केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकट है। उन्होंने नशा विरोधी जागरूकता, पुनर्वास और युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत पंजाब में दोषसिद्धि की दर 80 से 85 प्रतिशत है, जो पूरे देश में सबसे अधिक है। उन्होंने सिंथेटिक दवाओं की वर्तमान लहर से उत्पन्न अनूठी चुनौतियों को भी स्वीकार किया, उन्हें पारंपरिक मादक पदार्थों और दवाओं की तुलना में अधिक जानलेवा बताया। प्रशासक ने कहा कि हम सभी को समाज से नशीली दवाओं के दुरुपयोग को खत्म करने के लिए संकल्प में एकजुट होना चाहिए और सभी छात्रों के लिए एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव विवेक प्रताप सिंह, शिक्षा सचिव प्रेरणा पुरी, पीसीएस, निदेशक रुबिंदरजीत सिंह बराड़, एचसीएस डा. ऋचा, एनएसएस राज्य संपर्क अधिकारी डा. नेमी चंद समेत आदि लोग मौजूद रहे।

चंडीगढ़ | शुक्रवार • 28.02.2025
अमर उजाला 05

आयोजन

पीजीजीसीजी-42 में जेंडर बेस्ड वॉयलेंस विषय पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# न रोको हमें सपने देखने से, न बांधो हमें बेड़ियों से...

संवाद न्यूज एजेंसी

**चंडीगढ़।** सीखा सिखलाया सब भूलने की बारी है, घुट-घुटकर जीना बहुत हुआ, ये आजाद हवा हमारी है... इस कविता के साथ सेक्टर-42 के पीजीजीसीजी में जेंडर बेस्ड वॉयलेंस विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स-सेक्टर-11 और सेक्टर-50 के जीसीसीबीए कॉलेज के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने महिलाओं पर लगी पाबंदियों संबंधी प्रस्तुतियां पेश की। उन्होंने कहा कि न रोको हमें सपने देखने से, न बांधो हमें बेड़ियों से, हम भी इंसान हैं, अपनी उड़ानों के हकदार हैं।

इस आयोजन में 13 साल की बच्ची ने योग के माध्यम से लड़कियों को आजादी देने का संदेश दिया। इस दौरान एक नाटक भी पेश किया गया, जिसमें दिखाया कि अपने पिता और भाई के डर से लड़कियां लड़कों से दोस्ती नहीं सकतीं। घर से बाहर जाने के लिए आज भी उन्हें अनुमति की जरूरत है। मौके पर डॉ. ज्योति, जसरीत, कमल समेत अन्य टीचर मौजूद थीं।



सेक्टर-42 के पीजीजीसीजी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व अन्य। संवाद



कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। संवाद

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, शुक्रवार, 28 फरवरी, 2025
03

कैम्पस अपडेट

## पीजीजीसीजी-42 में चंडीगढ़ वन बिलियन राइजिंग प्रोग्राम



**चंडीगढ़** | पीजीजीसीजी-42 ने पीजीजीसीजी-11, जीसीसीबीए-50 और सांझ जागोरी (एनजीओ) के सहयोग से चंडीगढ़ वन बिलियन राइजिंग प्रोग्राम आयोजित किया। इसमें आर्ट और परफॉर्मेंस की परिवर्तनकारी शक्ति के माध्यम से जेंडर बेस्ड वॉयलेंस खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। सांझ जागोरी की जेंडर चैंपियन डॉ. ज्योति सेठ ने सामाजिक परिवर्तन लाने में युवाओं की भूमिका पर बल दिया।

दैनिक भास्कर चंडीगढ़, रविवार, 2 मार्च 2025

# जीसीसीबीए के स्टूडेंट्स राष्ट्रपति भवन पहुंचे



चंडीगढ़| भारत की चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक विरासत के बारे में अवेयरनेस को बढ़ावा देने के लिए, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर-50, चंडीगढ़ के इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब (ईएलसी) ने शनिवार को 58 स्टूडेंट्स के लिए राष्ट्रपति भवन का एजुकेशनल टूअर आयोजित किया।

चंडीगढ़ | वीरवार • 06.03.2025

अमर उजाला

## रितेश और कंचन चुने गए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

चंडीगढ़। सेक्टर-50 के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन ने 15वें वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया। इसका उद्घाटन कॉलेज की प्रधान डॉ. शशि वाही खुल्लर ने किया। उनके साथ अकादमिक विभाग के डीन डॉ. संगम कपूर और कॉलेज के उपप्रधान डॉ. अमरप्रीत सिंह भी उपस्थित थे। बीकॉम तीसरे साल के रितेश कुमार और बीसीए तीसरे साल की छात्रा कंचन कुमारी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। प्रधान, स्टाफ और छात्रों ने चंडीगढ़ प्रशासन के उच्च शिक्षा निदेशक रुबिंदरजीत सिंह बराड़ का स्वागत किया। प्रधान डॉ. खुल्लर ने खिलाड़ियों से कहा सम्मान के साथ प्रतिस्पर्धा करें। सबसे बढ़कर उन मित्रता और एकता के रिश्तों को संजोएं, जो हमें एक कॉलेज समुदाय के रूप में जोड़ते हैं। इस दौरान ट्रैक और फील्ड प्रतिस्पर्धाओं, टीम इवेंट्स और मनोरंजन खेलों सहित विभिन्न प्रकार की घटनाओं का आयोजन किया गया। संवाद

CHANDIGARH Tribune

CHANDIGARH | FRIDAY | 7 MARCH 2025

## EDU TOUR TO RASHTRAPATI BHAVAN

**Chandigarh:** The Electoral Literacy Club (ELC) of the Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, organised an educational tour to the iconic Rashtrapati Bhavan for 58 students. Principal Dr Shashi Wahi Kullar and Dean Dr Sangam Kapoor flagged off the bus ferrying students to Delhi in the evening. The visit aimed to provide students with a deeper understanding of India's constitutional framework and the role of the President in the country's democratic system. Throughout the tour, students were made aware about the architecture of the bhavan.

Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, शनिवार 8 मार्च, 2025

# पिताजी ने यही सीख दी कि संगीत बेचने के लिए नहीं बांटने के लिए है

**Performance**

**कलाकार पं. अजय शंकर प्रसन्ना शुक्रवार को स्पिक मैके की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पहुंचे थे।**

सिटी रिपोर्टर|चंडीगढ़

कलाकारों को मौका देना और लोगों को कला से रूबरू करवाने का काम लगातार हो रहा है। यह जरूरी भी है। शास्त्रीय संगीत के महत्व और इसकी खूबी बताना जरूरी भी है। इस तरह का प्रयास स्पिक मैके की ओर से भी किया जा रहा है। इसके जरिए अगर कुछ लोग भी जागरूक हो गए तो बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। फ्लूट प्लेयर पं. अजय शंकर प्रसन्ना यह सब बता रहे थे। वह शुक्रवार को स्पिक मैके की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सेक्टर-50 गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में प्रस्तुति देने पहुंचे थे। इनका साथ तबले पर सबीर हुसैन ने दिया। हमारी बात पं. अजय शंकर प्रसन्ना से हुई। एक कलाकार के लिए कितना जरूरी है कि वो भी अपने स्तर पर जागरूकता के लिए काम करें? इस पर पं. अजय शंकर प्रसन्ना बोले - पिता भोलानाथ प्रसन्ना की बात हमेशा याद रखता हूं। उन्होंने कहा था कि संगीत बांटने के लिए है बेचने के लिए नहीं। मैं इस बात को भी हमेशा ध्यान में रखता हूं। जब भी बात जागरूकता की आती है तो बजट की ओर मैं ध्यान नहीं देता। साथ ही फ्री में लोगों को सिखाता हूं। 50 के करीब ऐसे शिष्य हैं, जो सीखने के बाद काम रहे हैं। फ्लूट कई जगह इस्तेमाल होता है। हर जगह जरूरत पड़ जाती है फ्लूट आर्टिस्ट की। कमाई होती रहती है लेकिन खुद से योगदान देना भी जरूरी है।



## 24 में से 18 घंटे बांसुरी की धुन

माहौल मिलने के बाद हर कोई कला से नहीं जुड़ता, आपका रुझान कैसे बना? जवाब में पं. अजय प्रसन्ना बोले - यह बात बिल्कुल सही है। कला से जुड़ना ईश्वर की इच्छा होती है। जब होश संभाला तो 24 घंटों में से 18 घंटे बांसुरी की धुन सुनाई देती। जिसने मुझे प्रभावित किया। इसके बाद पिता से सीखना शुरू किया। पिता ने कहा कि एक बाद याद रखना कि परफॉर्म कर रहे हो तो खुद को शेर समझना। ऐसा इसलिए कहा - क्योंकि स्टेज पर जाने पर घबराहट होती है, डर लगता है, गुरु या कोई बड़ा कलाकार सामने बैठा हो तो भी डर लगता है। ऐसे में सब भूलकर शेर की तरह रहना है। वहीं जब दूसरे कलाकारों को सुनने की बात आती है तो स्टूडेंट की तरह सुनना है। ऐसा इसलिए कहा क्योंकि कमियां- खामियां निकालने वाले बहुत हैं। वह खुद को नहीं देखते।

## प्रस्तुति और गुरु के दर्शन

आपके पिता व गुरु पं. भोलानाथ प्रसन्ना ने जाने-माने कलाकार पं. हरिप्रसाद चौरसिया को भी सिखाया, उनसे जुड़ा कोई एक किस्सा? इस सवाल के जवाब में पं. अजय बोले - उनसे जुड़ी कई बातों का जिक्र घर में हुआ करता था। एक बात यह भी कई बार सुनने को मिली कि जब भी प्रस्तुति के लिए इलाहाबाद जाते जो हमारे घर से 200 या 250 किलोमीटर की दूरी पर होता तो पिता यानी अपने गुरु से जरूर मिलने आते। प्रस्तुति जितनी जरूरी, उतना ही जरूरी गुरु के दर्शन उनके लिए होते।

# गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स में डेंटल चेकअप कैंप, 150 ने करवाई जांच



चंडीगढ़| सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के एनएसएस यूनिट ने कॉलेज में डेंटल चैकअप कैंप आयोजित किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. शशि वाही खुल्लर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की टीम के साथ कैंप लगाया। इसमें 150 से अधिक कर्मचारियों, स्टूडेंट्स और अन्य वर्कर्स ने अपनी जांच करवाई। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रयासों से बच्चों में समाज सेवा की भावना का विस्तार किया जा रहा है।

Principal
Government College of Commerce
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

सिटी
रिपोर्टर
चंडीगढ़, 13 मार्च, 2025
www.jagran.com





चंडीगढ़ : पंजाब यू
समारोह में डिग्री मि
व्यक्त करते हुए ● उ

# डिग्री बनी हौसलों की जान
# चेहरों पर छाई मुस्कान

पांडेय ● जागरण

ढ़ : दो, तीन, पांच, सात
का इंतजार करने के बाद
जब हाथ में आती है, तो
डिग्री हौसलों में जान फूंक
है और डिग्रीधारकों के साथ
ार के सदस्यों की खुशियां
वें आसमान पर होती हैं।
जमीन पर नहीं फलक
चारों दिशाओं में महकती
कुछ ऐसा ही नजारा था
वार को पंजाब यूनिवर्सिटी में
समारोह का। डिग्री मिलने
बाद स्टूडेंट्स के चेहरे पर
अलग सा नूर छा गया था।
के साथ डिग्री मिलने पर
वार के सदस्यों की खुशियों
इंद्रनधनुष के रंग की रंगत
र आ रही थी। नजारा ऐसा
कि एक पल को लग रहा
कि जैसे होली के रंग के
फ्क हवा में गुलाल उड़ रहे
दूसरे ही पल लगता था कि
वार में दीवाली का जश्न
रहा है। एक-दूसरे को
ाई खिलाई जा रही है। तीसरे
लगता कि ईद पर सब लोग
मिल रहे हों। मानों लग रहा
कि खुशी के कारण आंखों
है। चेहरा ही नहीं शरीर का
-एक अंग खुशी से पुलकित
ा जा रहा है।



72वें दीक्षा समारोह में मिली डिग्री के साथ सेल्फी लेती मां-बेटी ● उपेंद्र सेन गुप्ता



## डिग्री करने के 25 साल बाद की पीएचडी

वर्ष 2000 में पीयू से बैचलर की डिग्री ली थी। पीएडी करने का बहुत मन था, लेकिन शादी, परिवार व नौकरी के कारण आगे की पढ़ाई नहीं हो पा रही थी। परिवार का साथ मिला जिसके बाद पीएडी करने का निर्णय लिया। डिग्री के 25 वर्ष के बाद पीएचडी की।

– डा. जसपाल



## दिव्यांगता नहीं बन पाई डिग्री में बाध

एक साल का तब पोलियो हो गया था, जिस क
लगी। जीवन भर ऐसे ही रहने का निर्णय लिय
हमेशा खुद को मोटिवेट रखा।



चंडीगढ़ : पंजाब यूनिवर्सिटी के 72वें दीक्षा समारोह के दौरान डिग्री मिलने के बाद खुशी व्यक्त करतीं युवतियां ● उपेंद्र सेन गुप्ता

## परिवार के सदस्य बने पंख तो पीएचडी की डिग्री हुई पूरी

शादी के बाद पीएचडी करने का मन था। सास-ससुर समेत परिवार के सदस्यों ने पीएचडी करने के लिए मोटीवेट किया। एक बार टापिक रिजेक्ट होने के बाद डिग्री करने का निर्णय लिया। परिवार ने मार्गदर्शन किया, जिसकी बदौलत आज डिग्री पूरी हो पाई।

-हरप्रीत कौर

amarujala.com/chandigarh चंडीगढ़ | वीरवार • 13.03.2025
अमर उजाला

समानता पर सवाल

पंजाब यूनिवर्सिटी का 72वां दीक्षांत समारोह, पीयू प्रशासन पर दागा सवाल- स्टेज पर जाने तक के लिए क्यों नहीं किया इंतजाम

# पीयू की लापरवाही... रैंप न होने से दिव्यांगों को स्टेज पर नहीं मिली डिग्री

मोनिका नागर

चंडीगढ़। डिग्री लेने आए विद्यार्थियों ने कहा कि सभी को स्टेज पर डिग्रियां दी गईं, फिर हमारे लिए स्टेज पर जाने लिए इंतजाम क्यों नहीं किया गया। दिव्यांग बोले- हमारा भी सपना स्टेज पर डिग्री पाने का था। उनके अनुसार नियमों के मुताबिक दिव्यांग लोगों के लिए 30 मीटर के दायरे में वाहन लगाना अनिवार्य होता है, लेकिन राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के चलते उनको 100 मीटर दूरी पर ही रोक लिया गया।

वाहनों को दूर की पार्किंग में लगाने के बाद जैसे-तैसे जिम्मेजियम हॉल पहुंचे। यहां भी उन्हें दूसरे गेट से एंट्री करने करने के लिए कहा गया। दिव्यांगों ने पीयू प्रशासन को लिखकर दिया है कि भविष्य में ऐसा न हो। उन्होंने मांग की कि उनके लिए स्टेज पर जाने के लिए इंतजाम हों। संवाद



पीयू में हुए दीक्षांत समारोह में दिव्यांग विद्यार्थियों को डिग्री देने के लिए स्टेज से नीचे आईं वीसी प्रो. रेनू विग व अन्य पीयू अधिकारी। अमर उजाला

## क्या कहते हैं विद्यार्थी

**वीसी को दिया पत्र, भविष्य में विद्यार्थियों को स्टेज पर ही मिले डिग्री :** डॉ. रिंपी अरोड़ा ने कहा कि उन्होंने समारोह में पीएचडी की डिग्री ली। वह स्टेज पर जा सकती थीं, लेकिन उन्हें नीचे ही डिग्री दे दी गई। उन्हें खुशी है कि वीसी उनके लिए नीचे आईं। भविष्य में स्टेज पर जाने के लिए रैंप की सुविधा हो ताकि डिग्री लेते समय विद्यार्थियों को गर्व महसूस हो।



## सहायता के लिए हेल्पर तक नहीं था

पीएचडी डिग्री हासिल करने वाले दिव्यांग डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि उनकी सहायता के लिए कोई हेल्पर तक नहीं था। उन्हें एक गेट से प्रवेश न देकर दूसरे से एंट्री करने के लिए कहा गया। ऐसे में उनके दोस्तों ने उनकी सहायता की।



डॉ. उत्तम वर्मा ने कहा कि वह दृष्टिबाधित हैं। पीएचडी डिग्री लेकर उन्हें अच्छा लग रहा है। लेकिन मायूस हैं कि उनके पास सरकारी रोजगार नहीं है। वह सरकार से मांग करते हैं कि दिव्यांगों को डिग्री के साथ रोजगार की सुविधा भी दी जाए।



## एजुकेटर ने राष्ट्रपति के भाषण को साइन भाषा में समझाया

दिव्यांग विद्यार्थियों ने बताया कि रिहर्सल के दौरान उन्होंने मांग उठाई थी कि उन्हें दीक्षांत समारोह के दौरान सहायता की जाए, लेकिन सिक्योरिटी गार्डों की ड्यूटी बदलने के कारण वह व्यवस्था नहीं हो पाई। बस उन्हें डिग्री पहले देने की व्यवस्था ही हो पाई। कार्यक्रम में मूक बधिरों के लिए एक स्पेशल एजुकेटर की सुविधा भी की गई थी। एजुकेटर ने राष्ट्रपति के पूरे भाषण को साइन भाषा में समझाया।

Principal
Government College of Commerce & Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

चंडीगढ़ | रविवार • 30.03.2025

अमर उजाला 03

# सेक्टर-50 के कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह, पुरानी यादों को किया ताजा



सरकारी वाणिज्य एवं व्यवसाय महाविद्यालय-50 में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पुरातन छात्र, शिक्षक व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**चंडीगढ़।** सेक्टर-50 के सरकारी वाणिज्य एवं व्यवसाय महाविद्यालय ने पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें पूर्व छात्रों, शिक्षकों और प्रशासक एकजुट हुए। यह कार्यक्रम पुरानी यादों को ताजा करने वाला था, जिसमें विभिन्न पीढ़ियों के पूर्व छात्र शामिल हुए।

प्रिंसिपल डॉ. शशि वाही खुल्लर और डीन डॉ. संगम कपूर के दूरदर्शी नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफल रहा। डॉ. वी. मगेश (संयोजक), डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ. आरती कौशल (बीबीए), डॉ. कृति महाजन (वाणिज्य) और मनजीत सिंह (बीसीए) ने दिन की कार्यवाही का संचालन किया। इस सम्मेलन में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें एक उत्साहवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल था।

गेम्स और नेटवर्किंग सत्र में उन्होंने अपनी पेशेवर यात्रा और उद्योग के बारे में साझा किया।

CHANDIGARH Tribune

CHANDIGARH | SUNDAY | 30 MARCH 2025

## GOVERNMENT COLLEGE OF COMMERCE

The Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, hosted an Alumni Meet, uniting former students, educators, and administrators. This event served as a nostalgic homecoming, drawing alumni from across generations to reconnect, reminisce, and renew their ties with their cherished alma mater. The meet featured a rich tapestry of activities, including a stirring cultural performance, reminiscences shared by alumni.

Principal
Government College of Commerce
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

जनता का सबसे लोकप्रिय समाचार पत्र
हरियाणा न्यूज फ्लैश
समाचार व विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
मो. 98122-13000
दिनांक 31 मार्च 2025

# सरकारी वाणिज्य और व्यवसाय प्रशासन कॉलेज चंडीगढ़ जीसीसीबीए 50 में पूर्व छात्र 2.0 की बैठक

हरियाणा न्यूज फ्लैश

चंडीगढ़। गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (जीसीसीबीए-50) ने अपने बहुप्रतीक्षित पूर्व छात्र मिलन समारोह के साथ एक ऐतिहासिक अवसर मनाया, जिसमें पूर्व छात्र, शिक्षक और प्रशासक एकजुट हुए। यह हृदयस्पर्शी आयोजन एक पुरानी यादों को ताजा करने वाली घर वापसी की तरह था, जिसमें विभिन्न पीढ़ियों के पूर्व छात्र पुनः जुड़े, पुरानी यादें ताजा कीं और अपने प्रिय विद्यालय के साथ अपने संबंधों को नवीनीकृत किया। प्रिंसिपल डॉ. शशि वाही खुल्लर और डीन डॉ. संगम कपूर के दूरदर्शी नेतृत्व में यह आयोजन एक शानदार सफलता साबित हुआ।

डॉ. वी.मगेश (संयोजक), डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ. आरती कौशल (बीबीए), डॉ. कृति महाजन (वाणिज्य) और श्री मनजीत सिंह (बीसीए) के सहयोग से, दिन की कार्यवाही का सावधानीपूर्वक संचालन किया, जिससे उपस्थित सभी लोगों के लिए एक आकर्षक माहौल सुनिश्चित हुआ।



इस सम्मेलन में अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें एक उत्साहवर्धक सांस्कृतिक प्रस्तुति, पूर्व छात्रों द्वारा साझा की गई हार्दिक यादें तथा प्राचार्य डॉ. वाही और संयोजक डॉ. वी. मगेश द्वारा दिए गए प्रेरक संबोधन शामिल थे। पूर्व छात्रों को हल्के-फुल्के खेलों और नेटवर्किंग सत्रों में भाग लेने का अवसर मिला, जहां उन्होंने अपनी व्यावसायिक यात्रा और उद्योग के बारे में जानकारी साझा की, जिससे युवा उपस्थित लोगों को प्रेरणा मिली। सौहार्द की भावना उस समय वातावरण में व्याप्त हो गई जब पूर्व छात्रों ने अपने जीवन को आकार देने के लिए जीसीसीबीए-50 के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया तथा संस्था की निरंतर सफलता के लिए अपने अटूट समर्थन का वचन दिया। पूर्व छात्र सम्मेलन 2025 ने स्थायी संबंधों को बढ़ावा देने और भविष्य की पीढ़ियों को प्रबुद्ध और सशक्त बनाने के लिए अपने पूर्व छात्रों के ज्ञान का उपयोग करने की जीसीसीबीए-50 की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

Principal
Government College of Commerce & Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, शुक्रवार 4 अप्रैल, 2025

# स्टूडेंट्स ने नाटक में हेल्मेट पहनने को लेकर किया सजग

**Cultural Eve**

वीरवार को सेक्टर-50 के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में फेस्ट परवाज़-ए-जीसीसीबीए हुआ।

सिटी रिपोर्टर|चंडीगढ़




**एक लापरवाही बड़ी दुर्घटना|** इस दौरान बच्चों ने एक नाटक भी किया, जिसमें ड्राइव करते समय हेल्मेट पहनने का संदेश दिया। लोगों को समझाया कि बिना हेल्मेट टू-व्हीलर नहीं चलाना चाहिए क्योंकि हेल्मेट ना पहनने से एक्सीडेंट के दौरान सिर पर चोट लग सकती है और इससे जान भी जा सकती है। कोशिश करनी चाहिए कि जो आपके पीछे है उसे भी हेल्मेट पहनाकर ही बिठाएं। छोटी-सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाती है।

पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को कल्चरल एक्टिविटिज में जोड़ने की सीरीज में वीरवार को चंडीगढ़ सेक्टर-50 के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में परवाज़-ए-जीसीसीबीए आयोजित करवाया गया। इस इंटर-कॉलेज कल्चरल व आईटी फेस्ट में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. शशि वाही खुल्लर बतौर चीफ गेस्ट पहुंचे। गेस्ट ऑफ ऑनर रहे जोनल कंटेंट हेड अंश ग्रोवर। कार्यक्रम में 270 स्टूडेंट्स ने ट्राईसिटी के अलग-अलग कॉलेज से हिस्सा लिया। इस दौरान कई एक्टिवीटिज हुई, जिसमें जस्ट-ए-मिनट, पिच दी इन्वेस्टर, डिबेट, रिदम् रायट्स, बीटबॉक्सिंग, एड-मैड, फोटोग्राफी आदि आयोजित किया गया। कल्चरलर और इंटलेक्चुअल गतिविधियों के साथ स्टूडेंट्स ने अपने तैयार किए प्रोडक्ट्स और सर्विसेज को स्टॉल्स में डिसप्ले किया। इस दौरान डीन कॉलेज डॉ. संगम कपूर, वाइस प्रिंसीपल डॉ. अमरप्रीत सिंह सिझर, कल्चरल कॉर्डिनेटर डॉ. बिक्रमजीत कौर भी मौजूद रहे।

Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

वीरवार • 10.04.2025
amarujala.com/chandigarh
04

# आठ छात्रों को रोल ऑफ ऑनर से किया सम्मानित



सेक्टर-50 के कॉलेज में विद्यार्थियों को सम्मानित करतीं शिक्षा सचिव-स्रोत:कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

## सेक्टर-50 के गवर्नमेंट कॉलेज में पुरस्कार वितरण समारोह

चंडीगढ़। सेक्टर-50 के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में 15वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में 8 उत्कृष्ट छात्रों को रोल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। 38 विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कॉलेज कलर से सम्मानित किया गया, जबकि 65 विद्यार्थियों को शिक्षा, एनएसएस, खेल और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनके विशिष्ट प्रदर्शन के लिए मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रणव अग्रवाल को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में शिक्षा सचिव प्रेरणा पुरी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि वाही और डीन डॉ. संगम कपूर के साथ उप-प्राचार्य अमर प्रीत सिंह सिझर और संस्थान के समर्पित संकाय और कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

डॉ. एएस शशि वाही ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. वी मागेश के भाषण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

4 दैनिक जागरण चंडीगढ़, 12 अप्रैल, 2025

अन्य महत्वपूर्ण समाचार

## नशा युवाओं की जिंदगी खत्म कर रहा : डा. मीनाक्षी



सेक्टर–50 स्थित गवर्नमेंट कामर्स कालेज के वाडा क्लब की ओर से युवाओं को नशे के प्रति जागरुक किया गया● आयोजक

**जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ :** युवाओं में नशे की लत काफी तेजी से बढ़ रही है। इसके लिए उनकी सही समय पर उनकी काउंसलिंग होना बहुत जरूरी है। नशा युवाओं की जिंदगी को खत्म कर देता है। नशा न सिर्फ एक व्यक्ति बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। कुछ इस तरह के विचार एक्सपर्ट ने सेक्टर–50 स्थित गवर्नमेंट कालेज फार कामर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में नशे पर आयोजित सेमिनार में एक्सपर्ट ने रखे। कालेज के नशा मुक्ति अभियान को लेकर बने नाडा क्लब की ओर से ड्रग अवेयरनेस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर पीजीआइ की डा. मीनाक्षी गुप्ता मख्य वक्ता रही। उन्होंने युवाओं को नशे खास तौर पर ड्रग्स से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। इस मौके पर कालेज प्रिंसिपल शशि वाही खुल्लर, डीन डा.संगम कपूर भी मौजूद थे। कामर्स विभाग के डा. गुरजिंदर सिंह की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, शनिवार, 12 अप्रैल, 2025

## जीसीसीबीए-50 में स्टूडेंट्स को नशे के दुष्प्रभाव बताए गए

**चंडीगढ़|** गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (जीसीसीबीए), सेक्टर-50 ने कॉलेज कांफ्रेंस रूम में ड्रग जागरूकता पर एक विशेषज्ञ सत्र और उसके बाद वाडा क्लब की विदाई समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करना और शैक्षणिक सत्र के दौरान वाडा क्लब के समर्पित छात्र सदस्यों द्वारा किए गए योगदान को मान्यता देना था। इस सत्र में 100 से अधिक छात्र और संकाय सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर की मुख्य अतिथि डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ की एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ थीं।

Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

दैनिक भास्कर चंडीगढ़, रविवार, 13 अप्रैल 2025

## गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
### सेक्टर-50, चंडीगढ़

### 2020-2023 और 2021-2024 बैचों के लिए दीक्षांत समारोह

आम जनता और विशेष रूप से इस कॉलेज के उत्तीर्ण छात्रों को सूचित किया जाता है कि 2020-23 और 2021-24 बैचों के लिए दीक्षांत समारोह **19.04.2025 को दोपहर 2.30 बजे** आयोजित किया जाएगा। अनिवार्य रिहर्सल 19.04.2025 को सुबह 9 बजे होगी।

| डॉ. मगेश वी | डॉ. संगम कपूर | डॉ. शशि वाही खुल्लर |
|---|---|---|
| संयोजक | सहसंयोजक | प्राचार्य |

The Sunday Tribune
CHANDIGARH | SUNDAY | 13 APRIL 2025

## GOVERNMENT COLLEGE OF COMMERCE AND BUSINESS ADMINISTRATION SECTOR-50, CHANDIGARH

### CONVOCATION FOR THE BATCHES 2020-2023 & 2021-2024

This is to inform to the general public and in particular to the pass out students of this College that convocation for the batches 2020-23 and 2021-24 will be held on **19.04.2025 at 2.30 p.m. sharp.**

Compulsory Rehearsal on 19.04.2025 at 9.00 a.m. sharp.

| Sd/- | Sd/- | Sd/- |
|---|---|---|
| **DR. MAGESH V.** | **DR. SANGAM KAPOOR** | **DR. SHASHI WAHI KHULLAR** |
| **CONVENOR** | **CO-ORDINATOR** | **PRINCIPAL** |

Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

CHANDIGARH Tribune
CHANDIGARH | TUESDAY | 15 APRIL 2025

## GOVERNMENT COLLEGE OF COMMERCE AND BUSINESS ADMINISTRATION

Government College of Commerce and Business Administration (GCCBA), Sector 50, organised an expert session on drug awareness followed by the valedictory function of the VADA Club in the college conference room. The event aimed to educate students about the harmful effects of drug abuse and to recognise the efforts of dedicated student members of the VADA Club for their contributions throughout the academic session.

Principal
Government College of Commerce & Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, शुक्रवार, 18 अप्रैल, 2025

## एनएसएस यूनिट ने बांटी आयरन टैबलेट्स




चंडीगढ़| सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की एनएसएस यूनिट ने कजहेड़ी गांव में लोगों को आयरन टैबलेट्स बांटी। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों को एनीमिया बीमारी के बारे में भी बताया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. शशि वाही ने बताया कि स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ ही सामाजिक दायित्व को भी समझते हैं।

Principal
Government College of Commerce
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

रविवार • 20.04.2025
amarujala.com/chandigarh

# दीक्षांत समारोह में 400 विद्यार्थियों को मिली डिग्री

## जीसीसीबीएसीएचडी-50 में कार्यक्रम, कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुत

संवाद न्यूज एजेंसी

चंडीगढ़। गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर-50 ने शैक्षणिक वर्ष 2020-23 और 2021-24 के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को डिग्री प्रदान करने के लिए अपना दीक्षांत समारोह आयोजित किया।

कुल मिलाकर 400 छात्रों ने अकादमिक उत्कृष्टता और पाठ्येतर गतिविधियों के लिए अपनी डिग्री, रोल ऑफ ऑनर, कॉलेज कलर और मेरिट पुरस्कार प्राप्त किए। समारोह में वाणिज्य में परास्नातक, वाणिज्य में स्नातक, व्यवसाय प्रशासन में स्नातक और कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक के विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर और स्नातक डिग्री प्रदान की गई।

मिनी सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. शशि वाही खुल्लर, डीन डॉ. संगम कपूर, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अमरप्रीत सिंह सिजर और कॉलेज के टीचिंग स्टाफ ने मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर संजय कौशिक और पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के डीसीडीसी का स्वागत किया। डॉ. शाही वाही खुल्लर ने प्रोफेसर संजय कौशिक का दर्शकों से परिचय कराया और शैक्षणिक सत्र के दौरान संकाय और छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए सत्र 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।



दीक्षांत समारोह में विद्यार्थी को सम्मानित करते गण्यमान्य। स्रोतः कॉलेज

### दीक्षांत समारोह अकादमिक भावना का प्रमाण

कार्यक्रम में बोलते हुए प्रो. संजय कौशिक ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह हमारे छात्रों और शिक्षकों के लचीलेपन, दृढ़ संकल्प और अकादमिक भावना का प्रमाण है। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मगेश वी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और सभी उपस्थित लोगों द्वारा भारतीय राष्ट्रगान के साथ हुआ।

---

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, रविवार, 20 अप्रैल, 2025

# 400 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री



चंडीगढ़| गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर-50 में कन्वोकेशन सेरेमनी आयोजित हुई। इस दौरान एकेडमिक इयर्स 2020-23 और 2021-24 के ग्रेजुएटिंग स्टूडेंट्स को पोस्ट ग्रेजुएट और ग्रेजुएट डिग्रियां दी गईं। 400 स्टूडेंट्स को एकेडमिक एक्सेलेंस और एक्स्ट्रा-कुरिकुलर एक्टिविटीज के लिए उनकी डिग्री, रोल ऑफ ऑनर, कॉलेज कलर और मेरिट पुरस्कार दिए गए।

---

Hindustan Times

# Sec 50 govt college holds convocation ceremony

**CHANDIGARH :** Government College of Commerce and Business Administration, Sector 50, held its convocation ceremony on Saturday for the students of academic years 2020-23 and 2021-24. Around 400 students received their degrees. HTC

Shal.

Principal
Government College of Commerce & Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

Forwarded

दैनिक भास्कर


चंडीगढ़ भास्कर 07-05-2025

# गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने वॉकथॉन निकाली





चंडीगढ़| शहर को नशा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन ने नशा विरोधी अभियान व वॉकथॉन का आयोजन किया। इस अभियान में स्टूडेंट्स, कॉलेज स्टाफ और एनएसएस वालंटियर्स ने हिस्सा लिया। उन सभी ने 'ट्री ऑफ लाइफ' जैसे प्रतीकात्मक प्रयासों व जागरूकता रैली के माध्यम से नशे के खिलाफ एकजुट होकर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया।

Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047



सत्यमेव जयते



**VIKSIT BHARAT, VIKSIT CHANDIGARH**

# Laying of the Foundation Stone & Inauguration of various Projects in Chandigarh

## Worth ₹100 crore

by

# Shri Bandi Sanjay Kumar

### Hon'ble Minister of State for Home Affairs

**Inauguration of Projects**

- Hostel Block for boys and girls in Govt. College of Commerce and Business Administration, Sector 50, Chandigarh.
- Extension block of Govt. Senior Secondary School, Kajheri.
- Construction of IT Block in Govt. Post Graduate College, Sector 46, Chandigarh.
- Installation of 2500 kw floating solar power plant at water works, Sector 39, Chandigarh.

**Laying of Foundation Stone**

Construction of 144 houses in Chandigarh Armed Police Complex, Dhanas.

**June 27, 2025 | 11:00 AM**

**Govt. College of Commerce & Business Administration**

26/6/25



**Dr-Sumit Singh Sheoran**

1m ·

दैनिक जागरण। चंडीगढ़


# शहर को मिलेंगे 100 करोड़ के प्रोजेक्ट

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार कामर्स कालेज में करेंगे हास्टल का उद्घाटन




चंडीगढ़ सचिवालय बिल्डिंग • जागरण

- 54.25 करोड़ से तैयार चार प्रोजेक्ट का उद्घाटन
- 48 करोड़ से पुलिस कर्मचारियों के हाउसिंग प्रोजेक्ट का रखा जाएगा नींवपत्थर
- यूटी प्रशासन के अधिकारी कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे
- पुलिस कर्मचारियों के लिए धनास स्थित पुलिस कांप्लेक्स में टाइप-दो और तीन के 144 मकानों का नींवपत्थर रखेंगे



सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कामर्स कालेज में तैयार ब्वायज और गर्ल्स हास्टल का उद्घाटन केंद्रीय गृह राज्यमंत्री बंदी संजय कुमार करेंगे • जागरण

**जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ :** शहर को इसी हफ्ते 100 करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट मिलने जा रहे हैं। चार प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं, जबकि एक प्रोजेक्ट का नींवपत्थर रखा जाएगा। जानकारी अनुसार 27 जून को चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से विभिन्न प्रोजेक्ट का उद्घाटन और नींवपत्थर को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार चंडीगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। उनके हाथों 54.25 करोड़ के पूरे हो चुके प्रोजेक्ट का उद्घाटन करवाया जाएगा, जबकि 48 करोड़ के एक प्रोजेक्ट का नींवपत्थर रखने की तैयारी है। बीते हफ्ते भर से चंडीगढ़ प्रशासन में केंद्रीय मंत्री के चंडीगढ़ दौरे को लेकर भागदौड़ चल रही है।

जानकारी अनुसार सेक्टर-50 स्थित गवर्नमेंट कामर्स कालेज में केंद्रीय मंत्री शिरकत करेंगे। वह सबसे पहले कामर्स कालेज में बने लड़के और लड़कियों के हास्टल का उद्घाटन करेंगे। इन हास्टल को 24 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। कामर्स कालेज शुरू होने के करीब 15 वर्षों बाद हास्टल निर्माण हो पाया है। अभी तक कालेज में दूसरे राज्यों से दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए हास्टल की सीमित सीटें थी, जिन्हें दूसरे कालेजों के हास्टल में दी जाती थीं।

दूसरा प्रोजेक्ट कजेहड़ी स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 7.5 करोड़ की लागत से बने अतिरिक्त ब्लाक का उद्घाटन भी किया जाएगा।

तीसरे प्रोजेक्ट के तहत सेक्टर-46 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज (कोएड) में यूटी प्रशासन की ओर से 8.75 करोड़ की लागत से आइटी ब्लाक का निर्माण करवाया गया है। यह प्रोजेक्ट भी काफी समय से तैयार हो चुका था। केंद्रीय गृह मंत्री की ओर से सेक्टर-39 में 250 केवी फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का भी उद्घाटन करेंगे। इस प्रोजेक्ट पर भी 14.90 करोड़ खर्च किए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री के हाथों ही धनास स्थित पुलिस कांप्लेक्स में पुलिस कर्मचारियों के लिए बनने वाले 144 मकानों का नींवपत्थर भी रखा जाएगा। टाइप दो और तीन मकानों के बनने से काफी लंबे समय से घर के लिए वेटिंग लिस्ट में इंतजार कर रहे पुलिस कर्मचारियों को जल्द मकान मिलने की संभावना है। इन मकानों के निर्माण पर करीब 48 करोड़ रुपये चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से खर्च किए जाएंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री का कार्यक्रम सेक्टर-50 कामर्स कालेज में ही सुबह 11 बजे के करीब तय किया गया है। बंदी संजय कुमार वर्चुअल तरीके से दूसरे स्थान पर बने प्रोजेक्ट का उद्घाटन और नींवपत्थर रखेंगे। इससे पहले भी केंद्रीय गृहमंत्री भी इसी तरह से कई प्रोजेक्ट का उद्घाटन और नींवपत्थर रख चुके हैं।

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, गुरुवार, 17 जुलाई, 2025

# सेक्टर-50 में मार्केट नहीं, लोग सामान खरीदने के लिए दूसरे सेक्टरों या मोहाली जाने को मजबूर

चंडीगढ़| सेक्टर-50 साल 2006-07 में बसाया गया था। यहां 3375 फ्लैट हैं। इसके बावजूद यहां न तो स्थायी मार्केट है, न ही अस्थायी। लोगों को रोजमर्रा की चीजों के लिए लोगों को दूसरे सेक्टरों, बुड़ैल गांव और मोहाली के बाजारों पर निर्भर रहना पड़ता है।

पोस्ट ऑफिस, बैंक, एटीएम और ई-संपर्क केंद्र जैसी जरूरी सुविधाएं भी यहां नहीं हैं। पूर्व मेयर दवेश मौदगिल ने 17 जुलाई 2018 को प्रशासन को इस बारे में लिखा था। लेकिन सात साल बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। 24 नवंबर 2022 को प्रशासक के सलाहकार ने वार्ड 28 से 35 के पार्षदों के साथ बैठक की थी। इसमें वार्ड 35 के पार्षद ने बताया था कि सेक्टर-50 की वी-4 रोड पर 8.67 एकड़ जमीन पहले ही चिन्हित की जा चुकी है। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार यहां शॉपिंग मॉल जैसा निर्माण होना है। मामला वित्त और एस्टेट कार्यालय में लंबित है।

## पीजीआई- पीयू जाने वाली बस सेक्टर-50 होकर चलाने की मांग

चंडीगढ़| सीटीयू की बसें अब सेक्टर-50 से पीजीआई और पंजाब यूनिवर्सिटी नहीं जा रही हैं। पहले सीटीयू की बस रूट नंबर 123A गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर-50 के पास की सड़क 49/50, मोहाली फेज 9-10 और सेक्टर-50 मार्केट सड़क से होकर पीजीआई और पंजाब यूनिवर्सिटी तक जाती थी। अब यह बसें मोहाली के फेज 8-9 के रास्ते जा रही हैं। वहां से सीटीयू बस रूट नंबर 39 और अन्य बसें उपलब्ध हैं। लोगों ने मांग उठाई है कि सीटीयू की बस रूट नंबर 123A को सेक्टर-50 से होकर चलाया जाए।

चंडीगढ़ | मंगलवार • 22.07.2025
अमर उजाला 05

# छात्रों को कॉलेज की शैक्षणिक दृष्टि, मूल्य एवं छात्र सहायता प्रणालियों की जानकारी दी



सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित समारोह में भाग लेते विद्यार्थी। संवाद

## सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में ओरिएंटेशन दिवस मनाया

संवाद न्यूज एजेंसी

चंडीगढ़। सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर 50 में 2025-26 सत्र के लिए सोमवार को ओरिएंटेशन दिवस पर एक समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. निशा अग्रवाल वाइस प्रिंसिपल, डॉ. अमरप्रीत एस सिजेर रजिस्ट्रार, डॉ. वी मागेंश और संकाय सदस्यों ने कॉलेज की शैक्षणिक दृष्टि, मूल्य प्रणाली एवं छात्र सहायता प्रणालियों का विवरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर प्राचार्या ने अपने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी रूप में रैगिंग, शारीरिक, मौखिक, मानसिक, डिजिटल या सोशल मीडिया की ओर से कठोरता पूर्वक निषिद्ध है और यह केंद्रीय एवं राज्य कानूनों के तहत एक आपराधिक कृत्य माना जाता है। इसके अलावा सक्रिय एंटी रैगिंग कमेटियां एवं दल तैयार रहकर सर्वेक्षण करती हैं।

अचानक की जाने वाली जांच भी होती है और किसी भी घटना की सूचना मिलने पर 24 घंटे के अंदर मुकदमा भी दर्ज करवाया जाता है।

यह व्यवस्था एक सुरक्षित, समावेशी एवं सम्मान जनक शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। समारोह के अंत में कैंपस टूर कराया गया। जिसमें कक्षाएं, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, खेल सुविधाएं, करिअर काउंसलिंग एवं एंटी रैगिंग कमेटी जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं की जानकारी दी गईं।

Nisha Agrl 22/7/25
Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

CHANDIGARH Tribune

CHANDIGARH | THURSDAY | 24 JULY 2025

## GOVERNMENT COLLEGE OF COMMERCE

The orientation day at Government College of Commerce & Business Administration for the 2025–26 session started with an address by Principal, Prof Dr Nisha Aggarwal. The session featured a detailed introduction to the National Education Policy (NEP) 2020'scredit-based system by the NEP Coordinator, highlighting its focus on learner-centric curriculum.

**Principal**
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

# जीसीसीबीए ने 79वां स्वतंत्रता दिवस हर घर तिरंगा पहल और विकसित भारत 2047 दृष्टि के साथ मनाया








ब्यूरो/गुड़गांव मेल

चंडीगढ़। सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर 50, चंडीगढ़ में 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न हर घर तिरंगा पहल और विकसित भारत 2047 दृष्टि के तहत उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में एनवायरनमेंट सोसाइटी, इको क्लब और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट सोसाइटी के सहयोग से रचनात्मक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला आयोजित की गई, जिनका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण और शहरी विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। पोस्टर मेकिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताएं क्रमशः "एक सतत भविष्य के लिए हरा भारत" और "स्मार्ट सिटीज़, उज्जवल भविष्य" विषयों पर आयोजित हुईं। पोस्टर मेकिंग में रवनीत ने प्रथम, जस्सन कौर ने द्वितीय और खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि ध्रुपद, वंश और पायल ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल किया। नो-फ्लेम विषय पर आधारित त्रिरंग भोजन प्रतियोगिता में नौ टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें ईशाना एवं भौमिक प्रथम, आनंदी एवं दिव्या द्वितीय, और अभेदिका एवं यतिन तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को उप-उपाध्यक्षा डॉ. अमरप्रीत एस. सिजहर, परीक्षा रजिस्ट्रार डॉ. मंगेश वी. और निर्णायक मंडल-डॉ. बिक्रमजीत कौर, डॉ. प्रीति शारदा, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. सुभिना स्याल एवं डॉ. कमलप्रीत कौर-द्वारा पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। आयोजन में सुश्री आंचल मलिक, डॉ. रेणुका मेहरा और डॉ. हरिंदर कौर का विशेष योगदान रहा। साहित्यिक सोसाइटी ने "वर्तमान भारतीय संदर्भ में स्वतंत्रता संग्राम का मूल्य" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की, जिसमें विभिन्न धाराओं के 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें हरवीर सिंह ने प्रथम, अर्शदीप कौर ने द्वितीय और दिक्षा सत्संगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन फैकल्टी समन्वयक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की गई और स्वतंत्रता की समृद्ध विरासत को समझने व आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इन आयोजनों ने न केवल स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को जीवंत बनाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक नवाचार, ऐतिहासिक चिंतन और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत छात्र समुदाय के निर्माण में जीजीसीबीए की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

दैनिक भास्कर 9/7/25

## ॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

# कॉमर्स कॉलेज के स्टूडेंट्स ने लगाए पौधे



चंडीगढ़|गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर-50 की एनएसएस यूनिट ने प्रिंसिपल प्रो. निशा अग्रवाल और डीन डॉ. संगम कपूर के नेतृत्व में वन महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। एनएसएस स्वयंसेवकों और महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने कॉलेज परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। प्रिंसिपल प्रो. निशा अग्रवाल के साथ ही डिप्टी प्रिंसिपल डॉ. अमरप्रीत सिंह और ऑडिटर भूपिंदर सिंह ने पौधे लगाए।

Nisha Agrl

**Principal**
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, शुक्रवार 8 अगस्त, 2025

# स्टूडेंट्स ने ली नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ

चंडीगढ़। जीसीसीबीए-50 के वाडा क्लब ने ओरिएंटेशन कम नशा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नीतू रानी, मेडिकल सोशल वेलफेयर ऑफिसर (डीडीटीसी, मनोरोग विभाग) रहीं, जिन्होंने नशा मुक्ति पर व्याख्यान दिया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव और इलाज से जुड़ी अहम जानकारियां साझा कीं। इसके बाद स्टूडेंट्स ने नशे से दूर रहने और विकसित भारत की दिशा में योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम में वाडा क्लब संयोजक गुरजिंदर सिंह ने नीतू रानी को धन्यवाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया।

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, बुधवार, 3 सितंबर, 2025

पीयूसीएससी इलेक्शन

उत्सव यंगिस्तान का

### गर्ल्स कॉलेजों में ज्यादातर इंडिपेंडेंट लड़ रहे चुनाव, 18 विमन

# 9 कॉलेजों में प्रेसिडेंट पद के 29 कैंडिडेट, 40 हजार स्टूडेंट्स आज करेंगे भाग्य का फैसला

एजुकेशन रिपोर्टर | चंडीगढ़

पंजाब यूनिवर्सिटी और इससे जुड़े शहर के 9 कॉलेजों में स्टूडेंट काउंसिल इलेक्शन बुधवार को होने हैं। पुलिस, कॉलेज एडमिनिस्ट्रेशन और पीयू मैनेजमेंट ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार 9 कॉलेजों में 29 उम्मीदवार प्रेसिडेंट पद पर मैदान में हैं, जिनमें 18 विमन शामिल हैं। मेन स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशंस में एबीवीपी, एनएसयूआई, एचएसए, हिमसु, सीवाईएसएस, सोई, पुसू और लोकल फ्रंट्स मैदान में हैं, वहीं गर्ल्स कॉलेजों में ज्यादातर इंडिपेंडेंट कैंडिडेट्स ही खड़ी हैं। कुल मिलाकर इस बार कई कॉलेजों में त्रिकोणीय और चतुष्कोणीय मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। कॉलेजों में लगभग 40 हजार स्टूडेंट्स वोट डालेंगे। गर्ल्स कॉलेजों में ज्यादातर इंडिपेंडेंट उम्मीदवार हैं, जबकि को-एड कॉलेजों में मुख्य स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशंस आमने-सामने हैं। बता दें कि जीजीएससीडब्ल्यू-26 में सभी कैंडिडेट्स निर्विरोध चुने जा चुके हैं। वहीं जीसीसीबीए-50 में वाइस प्रेसिडेंट के पद पर हर्षदीप सिंह को निर्विरोध चुन लिया गया था। यहां प्रेसिडेंट, जनरल सेक्रेटरी और सेक्रेटरी पद के लिए कोई उम्मीदवार नहीं है। यहां चनाव नहीं होंगे।

## कॉलेजों में इन कैंडिडेट्स के बीच होगी टक्कर...

**पीजीजीसीजी- 11**

- प्रेसिडेंट- अनमोलप्रीत कौर (इंडिपेंडेंट), दिव्या (सोई), महकदीप (सोई)
- वाइस प्रेसिडेंट- नेहा असवाल (सोई), राधिका शर्मा (इंडिपेंडेंट), सिमरन (इंडिपेंडेंट)
- जनरल सेक्रेटरी- मलीहा शर्मा (इंडिपेंडेंट), समृद्धि चांडाल (इंडिपेंडेंट), वंशिका दुआ (सोई)
- जॉइंट सेक्रेटरी- नेहा कुमारी (सोई), सिमरन (इंडिपेंडेंट), सोनाक्षी (इंडिपेंडेंट)

**पीजीजीसी- 11**

- प्रेसिडेंट- आशीष शेहरावत (इंडिपेंडेंट), अमृत सिंह (इंडिपेंडेंट), अरविंद (इंडिपेंडेंट), सचिन सिंह (इंडिपेंडेंट)
- वाइस प्रेसिडेंट- हरभजन लाल (इंडिपेंडेंट), कार्तिक कुमार (इंडिपेंडेंट), नेहा चौहान (इंडिपेंडेंट)
- जनरल सेक्रेटरी- धीरज (इंडिपेंडेंट), कोमलदीप कौर (इंडिपेंडेंट), प्रियांश ठाकुर (इंडिपेंडेंट)
- जॉइंट सेक्रेटरी- देव चैनवाल (इंडिपेंडेंट), जगतारन सिंह (इंडिपेंडेंट), रोहन (इंडिपेंडेंट)

**पीजीजीसीजी- 42**

- प्रेसिडेंट- गगनप्रीत (इंडिपेंडेंट), मीनाक्षी शर्मा (इंडिपेंडेंट), प्रभजोत कौर (इंडिपेंडेंट), श्रीयाल चौहान (इंडिपेंडेंट)
- वाइस प्रेसिडेंट- जानकी रानी (इंडिपेंडेंट), जसवीन (इंडिपेंडेंट), संजना (इंडिपेंडेंट), सिमरन (इंडिपेंडेंट)
- जनरल सेक्रेटरी- अर्पिता सिंह (इंडिपेंडेंट), रूपांशी शर्मा (इंडिपेंडेंट), सिमरनजीत कौर (इंडिपेंडेंट)
- जॉइंट सेक्रेटरी- गुनप्रीत लाहौरा का नामांकन रद्द, सुपिंदर कौर निर्विरोध विजयी।

**पीजीजीसी- 46**

- प्रेसिडेंट- कोमल (इंडिपेंडेंट), पंकज (इंडिपेंडेंट)
- वाइस प्रेसिडेंट- नेहा (इंडिपेंडेंट), रविंदर सिंह (इंडिपेंडेंट)
- जनरल सेक्रेटरी- रमनजोत सिंह (इंडिपेंडेंट), नीत (इंडिपेंडेंट), स्नेहा (इंडिपेंडेंट)
- जॉइंट सेक्रेटरी- राकेश कुमार (इंडिपेंडेंट), अंजलि (इंडिपेंडेंट)

**जीजीडीएसडी-32**

- प्रेसिडेंट- अनिरुद्ध सिंह कंवर (एसडीसीयू-हिमसु), भव्य बगारिया (सोई), रिजवाल सिंह (आईएसएफ)
- वाइस प्रेसिडेंट- सनम सिंह शेखावत (एसडीसीयू-हिमसु), युवराज सिंह (आईएसएफ)
- जनरल सेक्रेटरी- नवीन सिंगला (हिमसु), अंशुल ठाकुर (एचपीएसयू), लौकिक कटवाल (एएसएपी)
- जॉइंट सेक्रेटरी- देवांश चौहान (सोपू), न्याशी ठाकुर (एनएसयूआई)

**डीएवी कॉलेज-10**

- प्रेसिडेंट- हरमेहाक सिंह चीमा (सोई-इंसो-हिमसु), जसप्रीत कौर (पीपीएसओ), खुशविंदर काकू (एचएसए-एचपीएसयू)
- वाइस प्रेसिडेंट- अर्जुन सैनी (सोई-इंसो-हिमसु), आर्यन राणा (एचएसए-एचपीएसयू), गुरजोत सिंह (इंडिपेंडेंट), करण सिंह (इंडिपेंडेंट)
- जनरल सेक्रेटरी- अनमोल रंधावा (सोई-इंसो-हिमसु), अरुष काल्टा (एचएसए-एचपीएसयू), साक्षी (इंडिपेंडेंट), विनय (इंडिपेंडेंट)
- जॉइंट सेक्रेटरी- गुरशान सिंह चड्ढा (सोई-इंसो-हिमसु), मनीष कुमार (एचएसए-एचपीएसयू)

**एसजीजीएस- 26**

- प्रेसिडेंट- लवप्रीत (सीएसएफ- सोई-इंसो), सरबजीत सिंह (केसीएसयू)
- वाइस प्रेसिडेंट- अजय (सीएसएफ- सोई-इंसो), रोहित (केसीएसयू)
- जनरल सेक्रेटरी- राहुल चंदेल (सीएसएफ-सोई-इंसो), जाहिद अहमद दार (केसीएसयू)
- जॉइंट सेक्रेटरी- रशप्रीत सिंह (सीएसएफ- सोई-इंसो), तनिशप्रीत सिंह (केसीएसयू)

**एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर विमन- 36**

- प्रेसिडेंट- लावण्य पृथि (इंडिपेंडेंट), अपराजिता बाली (इंडिपेंडेंट), मनजोत कौर सिद्धू (इंडिपेंडेंट), निम्रत ढिल्लों (इंडिपेंडेंट)
- वाइस प्रेसिडेंट- सहजप्रीत कौर बराड़ (इंडिपेंडेंट), हरलीन कौर (इंडिपेंडेंट), जश्न (इंडिपेंडेंट), आरुषि बख्शी (इंडिपेंडेंट)
- जनरल सेक्रेटरी- ओजस्विता कौर (इंडिपेंडेंट), सैव्या (इंडिपेंडेंट)
- जॉइंट सेक्रेटरी- अन्वी ठाकुर, जेम्मी जैरीश, हरनूर (इंडिपेंडेंट)

**देव समाज कॉलेज फॉर विमन- 45**


- प्रेसिडेंट- खुशी, स्नेहा जैन, रनिया देहल, नितिका (इंडिपेंडेंट)
- वाइस प्रेसिडेंट- सिमरन मेहरा, सुहानी, अमरदीप कौर, परनीत कौर मान, अंतिका (इंडिपेंडेंट)
- जनरल सेक्रेटरी- हरलीन कौर, कोमल, आंचल (इंडिपेंडेंट)
- जॉइंट सेक्रेटरी- दीपिका, आंचल, परनीत कौर, ऋषिता, पलक, अश्मीत कौर सैनी, मानवी, मन्नत ठाकुर (इंडिपेंडेंट)

Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

Branda

हरियाणा न्यूज फ्लैश
समाचार व विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
मो. 98122-13000
दिनांक 04 अक्तूबर 2025

# गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स एंड बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा ओरिएण्टशन सेरेमनी ऑफ़ (ई.एल.सी.) का आयोजन




हरियाणा न्यूज फ्लैश

चंडीगढ़। गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर-50, चंडीगढ़ की इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) द्वारा दिनांक 04 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे कॉलेज के लेक्चर हॉल में ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन बड़े गर्व और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नेमी चंद, स्टेट लायजन ऑफिसर, एनएसएस यूटी सेल, चंडीगढ़ ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रो. (डॉ.) निशा अग्रवाल और डीन डॉ. संगम कपूर द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत ईएलसी न्यूज़लेटर (2024-25) के विमोचन से हुई, जिसमें वर्ष भर की जागरूकता गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके बाद 18 प्रशंसा प्रमाण पत्र उन स्नातक छात्रों को प्रदान किए गए जिन्होंने क्लब की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। नव नियुक्त पदाधिकारियों को चेस्ट पिन-अप बैज प्रदान किए गए, जिनमें सुश्री श्रेया (गर्ल्स) और श्री वर्दान (बॉय्स) को अध्यक्ष, सुश्री हिमाक्षी (गर्ल्स) और श्री मयंक (बॉय्स) को उपाध्यक्ष तथा सुश्री पलक सिंगला (गर्ल्स) और श्री ऋषव (बॉय्स) को कक्षा एंबेसडर नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त 16 छात्रों को कॉलेज प्रतिनिधि के रूप में चुना गया। मुख्य अतिथि डॉ. नेमी चंद ने क्लब की सराहना करते हुए छात्रों को विकसित भारत 2047 के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य महोदया ने क्लब की गतिविधियों की सराहना की, विशेष रूप से इंट्रा-क्लास, इंटर-क्लास और इंटर-कॉलेज प्रतियोगिताओं के आयोजन को। मार्च 2025 में राष्ट्रपति भवन की यात्रा और 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस में भागीदारी को विशेष रूप से सराहा गया। इस अवसर पर प्रो. पुनम अग्रवाल (संयोजक), डॉ. रेनुका मेहरा (नोडल अधिकारी), श्री गगनप्रीत सिंह (सदस्य) सहित 50 से अधिक छात्र उपस्थित रहे। पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने जुलाई 2022 से क्लब में अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन श्रेया और मयंक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

---

### जीसीसीबीए-50 में ओरिएंटेशन सेरेमनी

# वोटर अवेयरनेस डेमोक्रेसी को मजबूत बनाती है :डॉ. नेमी चंद



चंडीगढ़। गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर-50 में शनिवार को इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की ओरिएंटेशन सेरेमनी हुई। कार्यक्रम का आगाज क्लब के न्यूजलेटर (2024–25) के विमोचन से किया गया। इसमें पिछले साल की एक्टिविटीज और वोटर अवेयरनेस कैंपेन को दिखाया गया। एनएसएस यूटी सेल के स्टेट लायजन ऑफिसर डॉ. नेमी चंद चीफ गेस्
रहे। उन्होंने स्टूडेंट्स को विकसि
भारत 2047 के विजन के साथ आ
बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. नेमी चंद
कहा कि वोटर अवेयरनेस डेमोक्रेसी
को मजबूत बनाती है। इस मौके पर 1
स्टूडेंट्स को एप्रीसिएशन सर्टिफिके
देकर सम्मानित किया गया। नए सेश
के लिए क्लब ऑफिस बेयर्स क
बैजेस भी दिए गए।

पंजाब केसरी
18/10/2025

## डिजीटल लाइब्रेरी पोर्टल का किया उद्घाटन



चंडीगढ़, 17 अक्तूबर (आशीष) : सैक्टर-50 स्थित गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन ने दो उन्नत डिजिटल लाइब्रेरी प्लेटफार्मों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उच्च शिक्षा निदेशक रुबिंदरजीत सिंह बराड़ मौजूद रहे। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) निशा अग्रवाल ने कॉलेज की डिजिटल साक्षरता और ज्ञान की सहज पहुंच के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। रेड रिबन क्लब ने चंडीगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समाज और नाको के सहयोग से युवा वर्ग में एच.आई.वी. और एड्स जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया।

Nisha 18/10/25

Principal
Government College of Commerce & Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

दैनिक ट्रिब्यून
18/10/2025

# जीसीसीबीए में डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत



चंडीगढ़ के सेक्टर 50 में लाइब्रेरी की शुरुआत करते मुख्यअतिथि। -हप्र

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 17 अक्तूबर (हप्र)

गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (जीसीसीबीए), सेक्टर-50 चंडीगढ़ में शुक्रवार को 'मायलॉफ्ट' (माई लाइब्रेरी ऑन फिंगर टिप्स) और 'कोहा लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम' की शुरुआत की गई। उच्च शिक्षा निदेशक रुबिंदरजीत सिंह बराड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में इन प्लेटफॉर्मों का शुभारंभ किया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) निशा अग्रवाल ने कहा कि ये पहलें छात्रों को ज्ञान तक आसान और डिजिटल पहुंच दिलाने की दिशा में अहम कदम हैं। कार्यक्रम में 'आध्य 4.0 दीवाली फेस्ट 2025' के तहत 28 स्टॉलों पर छात्रों ने नवाचार और उद्यमिता की झलक पेश की। रेड रिबन क्लब ने एचआईवी-एड्स जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जबकि फ्रेशर्स फैशन शो में कृष्णा (बीबीए-1) और नैषा सिंगला (बीकॉम-1) को मिस्टर और मिस फ्रेशर चुना गया।

Nisha Agrwl 18/10/25

Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

दैनिक सवेरा
18/10/2025

# सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन 50 में डिजिटल लाइब्रेरी शुरू



उदघाटन करते हुए डायरैक्टर हायर एजुकेशन रूबिंद्रजीत सिंह बराड़।

सवेरा न्यूज/नीना चंडीगढ़ : सरकारी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन सेक्टर 50 ने दो उन्नित डिजिटल लाइब्रेरी प्लेटफार्मों का उद्घाटन किया एक वैयिक्तकृत प्लेटफार्म जो ई-संसाधनों की एकीकृत पहुंच प्रदान करता है और एक ओपन-सोर्स प्रणाली जो लाइब्रेरी संचालन को स्वचालित और कुशल बनाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे रुबिंदरजीत सिंह बराड़ आईएएस निदेशक उच्च शिक्षा चंडीगढ़ प्रशासन, एवं प्राचार्य प्रो. (डॉ.) निशाअग्रवाल, जिन्होंने कॉलेज की डिजिटल साक्षरता और ज्ञान की सहज पहुंच के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। त्योहारी माहौल में 4.0 दिवाली फेस्ट 2025 में 28 नवोन्मेषी स्टॉल लगे, जिनमें छात्र उद्यमिता और जॉय ऑफ गिविंग चैरिटी स्टॉल ने बड़ी भीड़ खींची। इस कार्यक्रम की छात्रों की रचनात्मकता और सामाजिक भावना के लिए रुबिंदरजीत सिंह बराड़ निदेशक उच्च शिक्षा ने प्रशंसा की।

Nisha Jarad 18/10/25

Principal
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

https://web.whatsapp.com

दैनिक भास्कर, चंडीगढ़, वीरवार 30 अक्टूबर, 2025

# वॉलंटियर्स को नशामुक्ति की शपथ दिलाई




**चंडीगढ़**| गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (जीसीसीबीए), सेक्टर-50 के वाडा क्लब की ओर से नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. निशा अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कॉलेज के 10 वॉलंटियर्स की टीम ने सरकारी हाई स्कूल, सेक्टर-50 का दौरा कर आठवीं और नौवीं कक्षा के छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। वाडा क्लब के संयोजक डॉ. संदीप ने नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि समाज की भलाई के लिए युवाओं को इस बुराई से बचाना आवश्यक है। स्टूडेंट्स और वालंटियर्स ने नशामुक्ति की शपथ ली।

Nisha Aggarwal 30/10/25

**Principal**
Government College of Commerce &
Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047

सिटी स्पंदन चंडीगढ़, 3 नवंबर, 2025 www.jagran.com



ी प्रस्तुति देती छात्रा•संजय घिल्डियाल





'महाउत्सव' का समापन

सेक्टर-32 के एसडी कालेज में 66वें पंजाब यूनिवर्सिटी जोनल यूथ एंड हैरिटेज फेस्टिवल में फोक डांस की प्रस्तुति देती छात्राएं•जागरण

# क्लासिकल, फोक डांस और वन-एक्ट प्ले ने जमाया रंग

बढ़ाते हुए नजर आए। आखिरी दिन अलग-अलग कालेज के करीब 280 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य मेहमान के रूप में यूटी प्रशासन के उच्च शिक्षा निदेशक रूपिंदर सिंह बराड़, चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर और डीएसपी व कालेज के पूर्व छात्र रणजीत विर्क मौजूद थे। बराड़ ने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़ना और शिक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। इस बात का भी ध्यान रखना है कि स्क्रीन टाइम कम होना चाहिए। बता दें कि पंजाब यूनिवर्सिटी के जोन-1

## दूसरे चरण : पहले दिन के विजेता

- गिद्धा में पहला स्थान पीयू सेक्टर-14, दूसरा स्थान एमसीएम डीएवी कालेज फार वुमन सेक्टर-36 और तीसरा स्थान डीएवी कालेज सेक्टर-10 को मिला।
- डांस की व्यक्तिगत श्रेणी में पीयू सेक्टर-14 की रूपिंदर कौर को पहला, एमसीएम डीएवी कालेज फार वुमन-36 की गुरजोत कौर चंडीगढ़ को दूसरा और डीएवी कालेज सेक्टर-10 की प्रभनूर कौर को तीसरा स्थान मिला।
- फोक डांस बायज प्रतियोगिता में पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज सेक्टर-11 चंडीगढ़ को पहला, पीयू सेक्टर-14 को दूसरा और पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज सेक्टर-46 और डीएवी कालेज सेक्टर-10 को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला।

ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज सेक्टर-11 के मानव शर्मा को पहला, डीएवी कालेज सेक्टर-10 के परमवीर सिंह को दूसरा और पीयू सेक्टर-14 के लवप्रीत सिंह को तीसरा स्थान मिला।

- फोक डांस गर्ल्स में पहला स्थान जीजीडीएसडी कालेज सेक्टर-32, एमसीएम डीएवी कालेज फार वुमन सेक्टर-36 को दूसरा और पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज फार गर्ल्स सेक्टर-11 व गुरु गोबिंद सिंह कालेज-26 को तृतीय स्थान मिला।
- डांस की व्यक्तिगत श्रेणी में जीजी डीएसडी कालेज-32 की नंदिनी पहला, पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज फार गर्ल्स-42 की रितिका को दूसरा और पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज फार गर्ल्स सेक्टर-11 की दृष्टि आजाद को



सेक्टर-32 के एसडी कालेज में 66वें पंजाब यूनिवर्सिटी जोनल यूथ एंड हैरिटेज फेस्टिवल में फोक डांस की प्रस्तुति देती छात्राएं•जागरण

### डांस में परंपरा की झलक

फेस्टिवल में हुए फोक से लेकर क्लासिकल डांस में परंपरा की झलक देखने को मिली। कुछ डांस प्रस्तुतियां

### वन एक्ट प्ले

यूथ फेस्टिवल में कई वन एक्ट प्ले भी हुए। इसमें अभिनय पक्ष तो खास रहा। इसके अलावा मंच सज्जा से लेकर

## दूसरे दिन के विजेता

- माइम- पहला स्थान जीजीडीएसडी कालेज, सेक्टर-32, दूसरा स्थान एमसीएम डीएवी कालेज फार वुमन, सेक्टर-36 जबकि तीसरा स्थान गुरु गोबिंद सिंह कालेज फार वुमेन, सेक्टर-26 और डीएवी कालेज, सेक्टर-10 को मिला।
- वन एक्ट प्ले में पहला स्थान पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज, सेक्टर-11, दूसरा स्थान डीएवी कालेज, सेक्टर-10 और तीसरा स्थान गुरु गोबिंद सिंह कालेज फार वुमेन, सेक्टर-26 और एमसीएम डीएवी कालेज फार वुमन, सेक्टर-36 को मिला।
- वन एक्ट प्ले में व्यक्तिगत वर्ग में पहला स्थान पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कालेज फार गर्ल्स, सेक्टर-11 की मनीषा, दूसरा स्थान गवर्नमेंट कालेज आफ कामर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन,

स्थान गुरु गोबिंद सिंह कालेज फार वुमन, सेक्टर-26 की संजना जोशी और जीजीडीएसडी कालेज, सेक्टर-32 के तनमयदीप सिंह को मिला।

03/11/25

अमर उजाला my city



सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज में यूथ फेस्टिवल के दौरान ग्रुप डांस की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमर उजाला

3/11/25

Principal
Government College of Commerce & Business Administration
Sector 50, Chandigarh - 160 047